CBSE Class 12 Hindi Core 2017 - Set 2/1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

किसी देश का लोक जागरूक हो इसके लिए उसका चिंतनशील, संवेदनशील, अनुभवी, शक्तिशाली और क्रियाशील होना आवश्यक है। ये सभी गुण तभी आते हैं, जब लोग समाज के सामने आने वाली समस्याओं पर सोचते हैं, विचारते हैं और समाधान के नए-नए उपाय खोजते हैं। यदि किसी लोकतंत्र के लोग अपनी-अपनी घरेलू या व्यावसायिक समस्याओं से अलग कुछ सोच ही न पाते हों तो वहाँ लोकतंत्र कभी सफल नहीं हो सकता। यदि भारतीय जन भारत में फैले आतंकवाद पर, भ्रष्टाचार पर, संस्कारों पर, दूरदर्शन के कार्यक्रमों पर, नए फैशन पर, नई बीमारियों पर या नई जीवन शैलियों पर कोई मत ही नहीं रखते तो वे अपना तंत्र कैसे स्थापित करेंगे? भारत का समाज आज लिंग-भेद, भ्रष्टाचार, आतंकवाद जैसे मुद्दों पर अनेक समस्याएँ झेल रहा है। इन पर लोकमत जानने और बनाने का काम मीडिया के हाथों में है।

प्रश्न यह है कि मीडिया के विविध रूप भारत के लोकमानस को शिक्षित, संस्कारित और जाग्रत करने के लिए क्या कर रहे हैं? मीडिया का एक काम है – जनता को अधुनातन जानकारियों से युक्त बनाना। इस काम में हमारे अनेक निजी तथा सरकारी चैनल प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। वे लोकमन को छूती हुई सामान्य से लेकर नई घटनाओं को हमारे सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। परंतु कुछ समाचार-पत्र और चैनल जानबूझ कर सनसनी फैलाने वाली सूचनाओं द्वारा जनता को क्षुब्ध, आतंकित या भयभीत कर रहे हैं। उन पर श्लीलता-अश्लीलता तथा गोपनीयता की सभी सीमाओं को लाँघने का भी आरोप लगता रहता है। इस पर संयम रखना स्वयं मीडिया-कर्मियों का दायित्व है। कभी-कभी वे ऐसी सामग्री प्रदर्शित करते हैं जो शत्रुदेश के लिए हितकर हो सकती है या कभी जातीय विद्वेष भड़क सकता है। ऐसी भूमिका देश हित में नहीं हो सकती इसलिए उससे बचना चाहिए।

मीडिया की सर्वाधिक प्रभावी भूमिका विभिन्न चर्चाओं, वाद-विवादों, साक्षात्कार या सर्वेक्षणों के माध्यम से पूरी होती है। जब आतंकवाद, भ्रष्टाचार. विदेश नीति, परमाणु-बिजली, अर्थव्यवस्था जैसे प्रबल मुद्दों पर जनता और विशेषज्ञ अपनी राय देते हैं तो जनता का भी 'मन' जाग्रत होता है। यही लोक-इच्छा लोकतंत्र को मज़बूत करती है।

1(क). गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

1(ख). लोक की जागरूकता से क्या तात्पर्य है? इसके लिए क्या आवश्यक है?

1(ग). लोकमत बनाने का मुख्य काम कौन करता है? कैसे?

1(घ). लोकतंत्र किसे कहते हैं? वह कब असफल हो जाता है?

1(ङ). मीडिया की अनुत्तरदायित्वपूर्ण भूमिका कब दिखाई पड़ती है?

1(च). मीडिया की भूमिका कैसे कार्यक्रमों से पूरी होती है?

1(छ). आज भारत का समाज किन समस्याओं से जूझ रहा है?

1(ज). लोकतंत्र की स्थापना और विकास में मीडिया का क्या महत्त्व है?

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

देश नहीं होता है केवल
सीमाओं से घिरा मकान
देश नहीं होता है कोई
सजी हुई ऊँची दूकान
देश नहीं क्लब जिसमें बैठे
करते रहें सदा हम मौज
देश नहीं होता बंदूकें
देश नहीं होता है फौज
जहाँ प्रेम के दीपक जलते
जहाँ इरादे नहीं बदलते
हर दिल में अरमान मचलते
सज्जन सीना ताने चलते,
वही हुआ करता है देश।
पहले हम खुद को पहचानें
फिर पहचानें अपना देश
एक दमकता सत्य बनेगा,
नही रहेगा सपना देश।।

2(क). कवि के विचार में किन बातों को देश नहीं माना जा सकता?

2(ख). देश की पहचान क्या है?

2(ग). आशय स्पष्ट कीजिए "जहाँ प्रेम के दीपक जलते, जहाँ इरादे नहीं बदलते"।

2(घ). बंदूकों और फौजों का होना कब सार्थक है?

2(ङ). आपके विचार से खुद को पहचानना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

Section ख

3(क). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : मैं और मेरा देश

3(ख). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : महाशक्ति के रूप में उभरता भारत

3(ग). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : मेरा प्रिय कवि

3(घ). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : अबला नहीं, सबला है नारी

4. अपने क्षेत्र में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के बढ़ते प्रकोप से अवगत कराते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को उचित कार्यवाही हेतु पत्र लिखिए और दो सुझाव भी दीजिए।

OR

4. 'स्वच्छता मिशन' के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए किसी संपादक को पत्र लिखिए।

5(क). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : सम्पादकीय किसे कहते हैं?

5(ख). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'एंकर बाइट' क्या है?

5(ग). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : अंशकालिक पत्रकार से क्या आशय है?

5(घ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : संदेह करना पत्रकार के स्वभाव में क्यों आवश्यक है?

5(ङ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'डेस्क' किसे कहते हैं?

6. 'बदलता शैक्षिक परिवेश' विषय पर एक फीचर लिखिए।

OR

6. 'बाल मज़दूरी' विषय पर एक फीचर लिखिए।

7. 'नारी सुरक्षा' विषय पर आलेख लिखिए।

OR

7. 'बदलते जीवन मूल्य' विषय पर आलेख लिखिए।

Section ग

8. नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना

मैं पेंच को खोलने के बजाए

उसे बेतरह कसता चला जा रहा था।

क्योंकि इस करतब पर मुझे

साफ सुनाई दे रही थी

तमाशबीनों की शाबाशी और वाह-वाह।

8(क). तमाशबीन किन्हें कहा गया है और क्यों?

8(ख). पेंच खोलने से कवि का क्या आशय है?

8(ग). 'करतब' शब्द का प्रयोग कवि ने अपने किस कार्य के लिए किया है?

8(घ). भाषा प्रयोग की मुश्किलों को कैसे समझा जा सकता है?

OR

8. नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

सचमुच मुझे दंड दो कि हो जाऊँ

पाताली अँधेरे की गुहाओं में विवरों में

धुएँ के बादलों में

बिलकुल मैं लापता

लापता कि वहाँ भी तो तुम्हारा ही सहारा है !!

इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है

या मेरा जो होता-सा लगता है, होता-सा संभव है

सभी वह तुम्हारे ही कारण के कार्यों का घेरा है, कार्यों का वैभव है

अब तक तो जिन्दगी में जो कुछ था, जो कुछ है

सहर्ष स्वीकारा है

इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है

वह तुम्हें प्यारा है।

OR

8(क). आशय स्पष्ट कीजिए : 'तुम्हारे ही कारण के कार्यों का घेरा है।"

OR

8(ख). कवि दंड क्यों पाना चाहता है? दंड में उसे क्या पाने की चाहत है?

OR

8(ग). प्रियतम के बारे में कवि का क्या अनुभव है?

OR

8(घ). कवि ने जीवन की हर स्थिति को सहर्ष क्यों स्वीकार किया है?

9. नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रभु प्रलाप सुनि कान, बिकल भए बानर निकर।

आइ गयउ हनुमान, जिमि करुना महँ बीर रस।।

9(क). काव्यांश का भाव सौंदर्य लिखिए।

9(ख). काव्यांश की अलंकार योजना पर प्रकाश डालिए।

9(ग). भाषागत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

10(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए : विप्लव के बादल का स्वागत कौन-सा वर्ग करता है और क्यों?

10(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए : 'कैमरे में बंद अपाहिज कविता' कुछ लोगों की संवेदनहीनता प्रकट करती है, कैसे?

10(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए : भोर के नभ को राख से लीपा चौका क्यों कहा गया है?

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

इस दंड विधान के भीतर कोई ऐसी धारा नहीं थी जिसके अनुसार खोटे सिक्कों की टकसाल-जैसी पत्नी से पति को विरक्त किया जा सकता। सारी चुगली-चबाई की परिणति, उसके पत्नी-प्रेम को बढ़ाकर ही होती थी। जिठानियाँ बात-बात पर धमाधम पीटी-कूटी जातीं; पर उसके पति ने उसे कभी उँगली भी नहीं छुआई। वह बड़े बाप की बड़ी बात वाली बेटी को पहचानता था। इसके अतिरिक्त परिश्रमी, तेजस्विनी और पति के प्रति रोम-रोम में सच्ची पत्नी को वह चाहता भी बहुत रहा होगा, क्योंकि उसके प्रेम के बल पर ही पत्नी ने अलगौझा करके सबको अँगूठा दिखा दिया। काम वही करती थी, इसलिए गाय-भैंस, खेत-खलिहान, अमराई के पेड़ आदि के संबंध में उसी का ज्ञान बहुत बढ़ा-चढ़ा था।

11(क). खोटे सिक्के की टकसाल किसे कहा गया है और क्यों?

11(ख). लछमिन को ग्रामीण जीवन का अधिक ज्ञान क्यों था?

11(ग). किन गुणों के कारण पत्नी पति की प्रेम पात्र थी?

11(घ). अलगौझा किसे कहते हैं? लछमिन ने अलगौझा क्यों करवा लिया?

12(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : बाज़ार का जादू क्या है? इस जादू से बचने का सर्वोत्तम उपाय क्या है?

12(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : शिरीष की तुलना अवधूत से क्यों की गई है?

12(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 'काले मेघा पानी दे' पाठ में भारतीय समाज की किस दुविधा तथा आडंबर को व्यक्त किया गया है?

12(घ). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : कहानी के अनुसार नमक ले जाने के सम्बन्ध में क्या दुविधा थी और क्यों?

12(ङ). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : चार्ली चैप्लिन का भारतीयकरण किन-किन रूपों में पाया जाता है? पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

13. आपके विचार से पढ़ाई-लिखाई के संबंध में लेखक तथा दत्ता जी राव का रवैया सही था या लेखक के पिता का? जीवन-मूल्यों के संदर्भ में तर्क सहित उत्तर दीजिए।

14(क). यशोधर बाबू के जीवन को दिशा देने में किसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी? कैसे?

14(ख). "टूटे-फूटे खंडहर सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कती जिंदगियों के अनछुये पहलुओं के जीवंत दस्तावेज भी होते हैं।" कैसे? 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

- End of Question Paper -